गेल लिमिटेड (इंडिया)
(भारत सरकार का उपक्रम)
(महारत्न कंपनी)

विज्ञापन संख्या: गेल/बेंगलुरु/अंशकालिक/डॉक्टर/2025

<u>अस्थायी अवधि के आधार पर अंशकालिक चिकित्सा परामर्शदाता हेतु वॉक-इन-इंटरव्यू</u>

सार्वजनिक क्षेत्र का एक महारत्न उपक्रम तथा भारत की अग्रणी प्राकृतिक गैस कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड, प्राकृतिक गैस मूल्य श्रृंखला (अन्वेषण और उत्पादन, प्रसंस्करण, संचरण, वितरण और विपणन सहित) और इससे संबंधित सेवाओं के सभी पहलुओं को एकीकृत कर रहा है। गेल अंतर्राष्ट्रीय बाजार में एक प्रमुख कंपनी बनने के लिए विदेशों में भी अपने कारोबार का विस्तार कर रहा है।

गेल (इंडिया) लिमिटेड अपने बेंगलुरू कार्यालय के लिए अंशकालिक आधार पर निम्नलिखित पद के लिए उपयुक्त योग्यता और अनुभव रखने वाले अंशकालिक चिकित्सा पेशेवर की सेवाएं प्राप्त करना चाहता है:

पद	रिक्तियों की संख्या	न्यूनतम अपेक्षित आवश्यक योग्यता	विजिट की संख्या और अवधि	टिप्पणी
अंशकालिक चिकित्सा परामर्शदाता	01	न्यूनतम 02 वर्ष के योग्यता-पश्चात अनुभव के साथ एमसीआई से मान्यता प्राप्त एमबीबीएस की डिग्री (वरीयतन किसी पीएसयू में)।*	2 घंटे की अवधि हेतु सप्ताह में 01 दिन	वॉकइंटरव्यू-इन-

*आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को भारतीय चिकित्सा परिषद या राज्य चिकित्सा परिषद में पंजीकृत होना चाहिए।

- अंशकालिक चिकित्सा परामर्शदाता के पद के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू दिनांक **<u>21.03.2025</u>** को गेल, बेंगलुरु, 'स्वान', द्वितीय तल, #323, कोडिगेहल्ली मेन रोड, सहकार नगर, बेंगलुरु - 560092 में आयोजित किया जाएगा।
- परामर्श शुल्क निम्नलिखित के अनुसार देय होगा:

चिकित्सा पेशेवर	प्रति घंटे परामर्श शुल्क
चिकित्सा परामर्श शुल्क	₹2500/-

- परामर्शदाता को निवास/अस्पताल से गेल, बेंगलुरु कार्यालय, 'स्वान', द्वितीय तल, #323, कोडिगेहल्ली मेन रोड, सहकार नगर, बेंगलुरु - 560092 पर आने और वापस जाने के लिए प्रत्येक यात्रा के दौरान

14/- रुपये प्रति किमी की दर से अधिकतम 60 किमी या वास्तविक आधार पर स्थानीय परिवहन शुल्क का भुगतान किया जाएगा ।

- जब तक गेल द्वारा संशोधित नहीं किया जाता है, तब तक परामर्श शुल्क और वाहन शुल्क, नियोजन की पूरी अवधि के दौरान स्थायी रहेगा।
- नियुक्ति अंशकालिक, अस्थायी आधार पर है। उक्त नियोजन की प्रारंभिक अवधि छह माह की होगी और छह माह के व्यक्तिगत कार्य निष्पादन-के आधार पर अधिकतम 3वर्ष की अवधि तक बढ़ाई जा सकती है।
- अंशकालिक चिकित्सा पेशेवर को प्रत्येक सप्ताह 01 निर्दिष्ट दिन में उपरोक्त स्थान पर विजिट करने की आवश्यकता होगी। प्रत्येक विजिट की अवधि दो)02घंटे होगी। (

- प्रदान की जाने वाली सेवा का स्थान: गेल इंडिया लिमिटेड, 'स्वान', द्वितीय तल, #323, कोडिगेहल्ली मेन रोड, सहकार नगर, बेंगलुरु - 560092

अंशकालिक चिकित्सा पेशेवर के पद के लिए अभ्यर्थी अपेक्षित आवेदन प्रारूप डाउनलोड कर सकते हैं तथा हस्ताक्षरित प्रति दिनांक 21.03.2025 को 1100 बजे से 1600 बजे तक वॉक-इन इंटरव्यू के दौरान अपने साथ लाएं । साथ ही सभी प्रासंगिक प्रमाणपत्रों की मूल प्रति तथा एक फोटोकॉपी, बायोडाटा, 2 रंगीन पासपोर्ट आकार के फोटो तथा योग्यता और अनुभव के प्रमाण-पत्रों/मार्कशीट/दस्तावेजों की सत्यापित प्रतियां भी साथ लाएं।

वॉक-इन इंटरव्यू के लिए आवश्यक दस्तावेज (मूल तथा सत्यापित फोटोकॉपी का एक सेट): -

1. योग्यता के संबंध में सभी प्रमाण पत्र / शंसापत्र (मैट्रिकुलेशन से लेकर आगे की सभी सेमेस्टर/वर्षवार अंकतालिका, डिग्री और डिप्लोमा प्रमाण पत्र)।
2. भारतीय चिकित्सा परिषद या राज्य चिकित्सा परिषद के साथ पंजीकरण का प्रमाण पत्र।
3. आवेदन पत्र में अभ्यर्थी द्वारा उल्लिखित अनुभव (यदि कोई हो) के समर्थन में नियोक्ता द्वारा जारी पूर्ण एवं उचित अनुभव प्रमाण पत्र/दस्तावेज।

अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे साक्षात्कार के दौरान उपरोक्त सभी दस्तावेज साथ लेकर आएं।

किसी भी सहायता के लिए अभ्यर्थी सुश्री निशा सिन्हा, प्रबंधक (मानव संसाधन), गेल, बेंगलुरु से लैंडलाइन: 080 46244144 / / 080 46244111 पर संपर्क कर सकते हैं।

---------------------------x---------------------------x--------------